बादल

सुरमई बादल गगन में छा गए।
और अँधियारे अधिक गहरा गए।।

कड़कड़ाकर बिजलियों को जोर से,
हर किसी के हृदय को दहला गए।

कुछ तो केवल गर्जना कर रह गए,
और कुछ धरती पे जल बरसा गए।

खेत–वन–उपवन में हरियाली सजी
मेघ इस धरती को जब नहला गए।

झूमकर बरसे कहीं तो मौज में
और बिन बरसे कहीं बहला गए।

भागते ही जाते हैं 'आकाश' में
लग रहा है जैसे बौरा गए।

Raj Kumar Das, Class - IX

MOTIVATIONAL THOUGHTS

- ज़िंदगी में किसी के आगे झुकना नहीं,
  कोई रोके तो कभी रूकना नहीं..... (i)
  नींदे पूरी हों या न हों
  मेहनत करने से कभी मुँह मोड़ना नहीं
- सफलता एक रात में मिलने वाली चीज नहीं है,
  कई रातें खराब करनी पड़ती है,
  आँखे बंद करके तो सपने देखते हैं,
  पर उसे हासिल करने के लिए नींद गँवानी पड़ती हैं।
- काबिल इतना बनिए कि लोगों को आपको रोकने के लिए साजिश करने की भी कोशिश न करनी पड़े।
- हार को अपना motivation बनाइए और फिर देखिए कि आपको successful होने से कौन रोकता है।

Sneha Kumari, Class - X

होली

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसमें हम दुश्मन को भी रंग लगाते हैं। होली रंगों का त्योहार है। होली में हम अपने परिवार तथा दोस्तों के साथ होली मनाते हैं। होली रंगों का त्योहार है। इस दिन हम एक दूसरों को रंग लगाते हैं। होली पर हम अपने टोली के साथ एक दूसरे को रंग लगाते हैं। होली में सब बैर–भाव भूल कर के हम रंग लगाते हैं। इस दिन हम अनेक प्रकार के पकवान खाते हैं। खीर–मिठाई खाते हैं। इस प्रकार हम होली मनाते हैं। इस कहानी से हमें यह सीख मिलता है हमें सब से मिल–जुल कर रहना चाहिए।

Radhika Mahaseth, Class - VII

सपनों की उड़ान

सपनों की उड़ान लिए, बढ़ते ही जाओ।
मुश्किलों की राह में, खुद को न झुकाओ।
विश्वास से भर लो दिल की तिजोरी।
देखना, तुम्हारी कहानी होगी, जग की कहानी।।

Darshan Kumar, Class - VI

जीवन

गिरने से डरना नहीं,
हर बार उठना सीख,
हार–जीत का खेल ये,
जीवन के अनुभवों को लिख
हिम्मत भी हो अगर दिल में
तो पहाड़ भी टुट जाएँगे।
और जो खुद पे रखे विश्वास तो
किस्मत भी झुक जाएँगे।
किस्मत भी झुक जाएँगे।

Pardhumn Kumar, Class - X